Padma Vibhushan



Shri Amitabh Bachchan

Shri Amitabh Bachchan is widely regarded as one of the greatest and most influential actors in the history of cinema. He has carved out a unique position for himself in the Indian film industry.

2. Born on October11, 1942 at Allahabad, he had initial education at the Senior Cambridge Sherwood College, Naini Tal and his graduation from Kirorimal College , Delhi University. After working as an Executive in companies for six years, he entered the arena of film acting in 1969 with the film 'Saat Hindustani'. In a acting carrier of more than four decades, he has acted in about 200 films. Some of the major hit films are Anand, Bombay to Goa, Saudagar, Zanjeer, Abhiman, Namak Haram, Deewar, Chupke Chupke, Mili, Sholay, Kabhie Kabhie, Amar Akbar Anthony, Trishul, Don, Muquaddar ka Sikandar, Mr. Natwarlal, Kaala Patthar, Naseeb, Laawaris, Silsila, Namak Halaal, Shakti, Coolie, Sharabi, Shahenshah, Main Azad Hoon, Agneepath, Hum, Khuda Gawah, Bade Miyan Chote Miyan, Sooryansham, Mohabbatein, Ek Rishta-Bond of Love, AKS, Kabhi Khushi Kabhi Gham, Aankhen, Black, Sarkar, Kabhi Alvida na Kehna, Baghbaan, Bhootnath, PAA, Aarakshan, Satyagraha, Bhootnath Returns, Shamitabh etc.

3. Shri Bachchan appearance on the television has also been phenomenal. He started a quiz show "Kaun Banenga Crorepati" in July 2000 . This show has created history in the annals of TV and has gained astounding popularity and fame not only in India , but also spread across many other Asian countries as well. He has had a 14 year long association with it. The show is still being hosted in the television.

4. Shri Bachchan had been Member of Parliament during 1984-87. He has been the Brand Ambassador of Swatch Bharat Abhiyan, a nationwide campaign on sanitation and hygiene and Tuberculosis Awareness campaign to promote mass public awareness about its control and eradication. He has been recently made the Brand Ambassador of the Film Heritage Foundation and Preservation of Films, India - an organization to preserve India's cinematic heritage. He was appointed the Goodwill Ambassador for UNICEF in 2003 and also has worked as an Ambassador of United Nations for welfare of Girl Child for better healthcare facilities and education for them. He is arguably the Indian film industry's most social network -savvy star active on Twitter and Facebook with a record 30 million followers.

5. Shri Bachchan has been honoured with many national and international awards including National Award for Best Debutant for Saat Hindustani (1970), Best Actor for Agneepath (1991), Black (2006) and for PAA (2010). He was conferred with Padma Shri in 1984 and Padma Bhushan in 2001. He was also honoured by Avadh Samman and Yash Bharti Samman by UP Government, Kishore Kumar Award by Madhya Pradesh Government, Dayawati Modi Award, Raj Kapoor Award, Deenanath Mageshkar Award and Hridyanath Mageshkar Award. In July 1999, he was named the 'Greatest Star of the Millennium' by BBC online poll. He has been awarded the France's Highest Civilian Honour, the Knight of the Legion of Honour. He has also been honoured with several other International citations and recognitions.



श्री अमिताभ बच्चन

श्री अमिताभ बच्चन व्यापक तौर पर सिनेमा के इतिहास के सर्वाधिक महान और प्रभावशाली अभिनेताओं में से एक माने जाते हैं। आपने भारतीय फिल्म उद्योग में स्वयं की एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

2. आपका जन्म अक्तूबर 11, 1942 को इलाहाबाद में हुआ। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सीनियर कैम्ब्रिज शेरवुड कॉलिज, नैनीताल और अपनी स्नातक की पढ़ाई किरोड़ीमल कॉलिज, दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। अलग-अलग कम्पनियों में बतौर इग्ज़ेक्यूटिव छ: वर्षों तक काम करते रहने के बाद वर्ष, 1969 में आपने फ़िल्म 'सात हिन्दुस्तानी' से अपने फ़िल्मी अभिनय के सफ़र की शुरूआत की। अपने चार दशकों के अभिनय कॅरिअॅर में आपने लगभग 200 फ़िल्मों में अभिनय किया है, जिनमें से कुछ प्रमुख सफल फ़िल्में, आनन्द, बॉम्बे टू गोवा, सौदागर, जंजीर, अभिमान, नमकहराम, दीवार, चुपके-चुपके, मिली, शोले, कभी-कभी, अमर अकबर एन्थोनी, त्रिशूल, डॉन, मुकद्दर का सिकंदर, मि. नटवरलाल, काला पत्थर, नसीब, लावारिस, सिलसिला, नमक हलाल, शक्ति, कुली, शराबी, शहंशाह, मैं आज़ाद हूँ, अग्निपथ, हम, खुदा गवाह, बड़े मियां छोटे मियां, सूर्यवंशम, मोहब्बतें, एक रिश्ता-बॉंड ऑव लव, अक्स, कभी खुशी कभी ग़म, आँखें, ब्लैक, सरकार, कभी अलविदा न कहना, बागवान, भूतनाथ, पा, आरक्षण, सत्याग्रह, भूतनाथ रिटर्न्स, शमिताभ आदि रही हैं।

3. टेलीविज़न पर भी आपकी उपस्थिति मील का पत्थर साबित हुई है। जुलाई, 2000 में आपने एक क्विज़ शो "कौन बनेगा करोड़पति" की शुरूआत की थी। इस शो ने टेलीविज़न के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया और इसे न केवल भारत में बल्कि कई अन्य एशियाई देशों में भी जबरदस्त ख्याति और लोकप्रियता हासिल हुई। इस शो से आप चौदह वर्षों से जुड़े हुए हैं। यह शो अभी भी टेलीविज़न पर प्रसारित हो रहा है।

4. आप वर्ष, 1984 से लेकर वर्ष, 1987 तक संसद सदस्य रहे। आप स्वच्छता और सफाई संबंधी राष्ट्रव्यापी अभियान, स्वच्छ भारत अभियान तथा लोगों में यक्ष्मा रोग के नियंत्रण और उन्मूलन के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने से संबंधित यक्ष्मा जागरूकता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर रहे हैं। हाल में आपको भारत के सिनेमाई धरोहर के संरक्षण को समर्पित एक संगठन, फिल्म हैरीटेज फाउंडेशन एंड प्रिजर्वेशन ऑव फ़िल्म्स, भारत का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। वर्ष, 2003 में आपको यूनिसेफ़ के लिए गुडविल एम्बेसडर नियुक्त किया गया और आपने, बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सुविधाओं और उनकी शिक्षा सहित उनके कल्याण हेतु संयुक्त राष्ट्र के एम्बेसडर के तौर पर भी योगदान दिया है। जहां तक सोशल नेटवर्क से सरोकार रखने का संबंध है आप नि:सन्देह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे अग्रणी कलाकार हैं, जो ट्वीटर और फ़ेसबुक पर रिकॉर्ड 30 मिलियन फॉलोवर्स के साथ बेहद सक्रिय हैं।

5. आपको अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें सात हिन्दुस्तानी (1970) के लिए सर्वश्रेष्ठ पदार्पण, अग्निपथ (1991), ब्लैक (2006) और पा (2010) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं। आपको वर्ष, 1984 में पद्म श्री और वर्ष 2001 में पद्म भूषण से अलंकृत किया गया था। आपको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवध सम्मान और यश भारती सम्मान, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किशोर कुमार पुरस्कार, दयावती मोदी पुरस्कार, राज कपूर पुरस्कार, दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार और हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। जुलाई, 1999 में बीबीसी ऑनलाइन पोल के द्वारा आपको "सदी का महानायक" का ख़िताब दिया गया। आपको फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, नाईट ऑव दि लिज़न ऑव ऑनर से भी सम्मानित किया गया है। आपको कई अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रशस्तियों और सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है।